संकुल स्तर पर शिक्षकों के अकादमिक चर्चाओं में सहयोग हेतु

HAPPY RAKHSA BANDHAN

# चर्चा पत्र

माह–सितंबर 2018

चतुर्थ वर्ष अंक–04











## सामाजिक अंकेक्षण 2018 की कुछ झलकियां

डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान

**राज्य परियोजना कार्यालय**
**समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष के प्रथम अकादमिक मानिटरिंग की तैयारी हेतु विशेष

माह जुलाई ,2018 में आप सभी के सक्रिय सहयोग से राज्य के सभी एलिमेंटरी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न हुआ | इस बार सामाजिक अंकेक्षण में पूछे गए 50 प्रश्नों की प्रविष्टि का कार्य मोबाइल के माध्यम से किए जाने का प्रावधान किया गया था | इस बार राज्य में कुल 4745 प्राथमिक शालाएं एवं 1762 उच्च प्राथमिक शालाएं अर्थात कुल 6507 एलिमेंटरी शालाओं को फोकस शालाओं केचिह्नांकित किया गया है |अब माह अगस्त में दिनांक 15 से 31 अगस्त तक इन शालाओं का प्रथम अकादमिक निरीक्षण का कार्य किया जाना है |

इस बार के अकादमिक निरीक्षण की ख़ास बात यह है कि इस बार जहां एक ओर फोकस शालाओं की मानिटरिंग की जिम्मेदारी जन-प्रतिनिधियों एवं बाह्य विभागों की होगी , वहीं नान-फोकस शालाओं में भी समान प्रक्रिया विभागीय मानिटरिंग अधिकारियों यथा संकुल समन्वयकों एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी | इस प्रकार से हम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत प्रारंभ किए गए विभिन्न नवाचारी प्रयासों को संस्थागत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं |

माह सितंबर,2018 का यह अंक आपको समय से पहले सौंपने का उद्देश्य यह है कि आप माह अगस्त में मानिटरिंग के लिए शालाओं में आवश्यक तैयारी कर सकें | सामाजिक अंकेक्षण में अपेक्षित विभिन्न मुद्दे वही थे जिन्हें हम विगत तीन वर्षों से आपकी शालाओं में क्रियान्वित करने हेतु चर्चा पत्र के माध्यम से निवेदन कर रहे थे | इसी प्रकार इस बार अकादमिक निरीक्षण में इनमें से कुछ प्रश्नों को हम दो या तीन के समूह में इस प्रकार से तैयार कर पूछ रहे हैं कि उन सभी को करने पर ही आपको अंक मिलेंगे और इन सबको कम से कम विगत तीन से पाँच माह पूर्व से जारी रखना आवश्यक होगा| इसलिए इस बार यदि आपने इन मुद्दों पर अपनी शाला में कार्य नहीं किया है तो बिलकुल घबराए नहीं और सही तथ्य ही रखें | आपको अपने कार्यों को सुधारने के लिए जनवरी ,2019 में दूसरा अकादमिक निरीक्षण में अवसर मिल सकेगा | इसमें आप पूर्व की तुलना में सुधार दिखा सकते हैं | पर उन प्रारंभ न किए हुए कार्यों को आपको माह सितंबर से जनवरी तक कुल पाँच माह तक लगातार करके उनका सबूत दिखाना होगा |इसलिए माह अगस्त के मानिटरिंग के दौरान अपने आपको बेहतर प्रदर्शित करने के लिए गलत जानकारी न दें और सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत होकर आगामी निरीक्षण के पूर्व बेहतर तैयारी कर लेवें |

**आप सभी को शिक्षक दिवस के लिए अग्रिम शुभकामनाएं !**

(एस. प्रकाश)
मिशन संचालक
समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़

# एजेंडा एक: अकादमिक निरीक्षण के दौरान देखे जाने वाले बिंदु

इस बार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर अकादमिक निरीक्षण के दौरान पूछे जाने हेतु केवल पाँच प्रश्न होंगे लेकिन इन प्रश्नों में दो या अधिक जोड़े होंगे जिन्हें एक साथ प्राप्त करने पर ही उत्तर “हाँ” में आयेगा अन्यथा एक भी बिंदु नहीं पाए जाने पर “नहीं” पर टिक करना होगा |चौथे वर्ष में हमने प्रश्न अवश्य कम किए हैं पर इस तरह से जोड़े बनाने एवं इन सभी कार्यों को विगत तीन से पाँच माह पहले से जारी रखने की शर्त से शाला से अपेक्षाएं पूर्व के वर्षों की तुलना में अधिक हो गयी हैं।

## प्राथमिक शालाओं के लिए

*(प्रत्येक हाँ पर दस अंक और नहीं पर शून्य अंक अर्थात प्रथम भाग में कुल पचास अंक हैं |)*

1. शाला प्रबन्धन समिति ( School Management Committee) द्वारा गत पाँच माहों में नियमित बैठकें आयोजित करते हुए अकादमिक कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया जा रहा है |(इसकी जांच करने शाला के पास माह अप्रैल से अगस्त तक शाला प्रबन्धन समिति के लिए राज्य से भेजे गए एजेंडा एवं उन पर की गयी कार्यवाहियों पर आधारित शाला प्रबन्धन समिति की बैठक पंजी में लिखा होना चाहिए )

2. कक्षानुरूप लर्निंग आउटकम की प्राप्ति हेतु अतिरिक्त कक्षाओं / शिक्षा चौपाल का आयोजन कर समुदाय/शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों में मूलभूत दक्षताओं के विकास के लिए आवश्यकतानुसार समर्थन दिया जा रहा है और प्रत्येक कक्षा में अपडेटेड विद्यार्थी विकास सूचकांक का प्रदर्शन कर प्रत्येक बच्चे में सभी लर्निंग आउटकम प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जाता है।

(इसको हाँ करने के पहले शाला में नियमित कक्षाओं के साथ-साथ पीछे छूट रहे बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन, समुदाय के सहयोग से शिक्षा चौपाल, प्रत्येक कक्षा में लर्निंग आउटकम के पोस्टर, प्रत्येक विद्यार्थी के लर्निंग आउटकम के अनुसार स्थिति जानने विद्यार्थी विकास सूचकांक और प्रत्येक विद्यार्थी को विभिन्न लर्निंग आउटकम हासिल करवाने की दिशा में  कार्य किए जाने के ठोस सबूत देख लेवें और संतुष्ट होने पर ही हाँ लिखें|)

3. बच्चों में भाषाई कौशलों के विकास हेतु प्राथमिक स्तर पर स्थानीय भाषा में कम से कम दस चित्र कहानियों का संग्रह जिसे बच्चे पढ़कर सुना सकते हैं / कमीशीबाई / मुस्कान पुस्तकालय का नियमित उपयोगबच्चों द्वारा किया जा रहा है।

(प्राथमिक शाला में छोटे बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ना सिखाने शाला में शिक्षकों द्वारा कम से कम दस स्थानीय भाषा में चित्र कहानियां जिन्हें उनके द्वारा बच्चों को स्थानीय भाषा में सुने जाने के सबूत हों और बच्चे इन कहानियों से परिचित हों, चित्र कहानियों को थियेटर के रूप में बच्चों को प्रदर्शित करने के लिए एक उपकरण कमीशीबाई का प्रदर्शन और मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों द्वारा नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के सबूत होने पर ही इस बिंदु पर हाँ करें। तीनों बिन्दुओं पर कार्य किए जाने के ठोस सबूत देख लेवें और संतुष्ट होने पर ही “हाँ” लिखें|किसी भी एक बिंदु के नहीं पाए जाने पर इस बिंदु पर “हाँ” नहीं देवें )

4. बच्चों द्वारा स्वयं गणित किट का उपयोग कर अवधारणाओं को समझाना / विज्ञान के कम से कम दस प्रयोगों को प्रदर्शन कर अवधारणाओं को समझाने की क्षमता है।

(प्राथमिक शाला में छोटे बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ना सिखाने शाला में शिक्षकों द्वारा कम से कम दस स्थानीय भाषा में चित्र कहानियां जिन्हें उनके द्वारा बच्चों को स्थानीय भाषा में सुने जाने के सबूत हों और बच्चे इन कहानियों से परिचित हों, चित्र कहानियों को थियेटर के रूप में बच्चों को प्रदर्शित करने के लिए एक उपकरण कमीशीबाई का प्रदर्शन और मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों द्वारा नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के सबूत होने पर ही इस बिंदु पर हाँ करें। तीनों बिन्दुओं पर कार्य किए जाने के ठोस सबूत देख लेवें और संतुष्ट होने पर ही "हाँ" लिखें|किसी भी एक बिंदु के नहीं पाए जाने पर इस बिंदु पर "हाँ" नहीं देवें )

5. प्राथमिक स्तर पर बच्चों को इग्नाईट अवार्ड में नामांकन/ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी एवं शिक्षक भी अपने आपको अपडेट रखने हेतु विभिन्न आनलाइन कोर्सेस में पंजीयन कर उन्हें पूरा करते हैं।

(शाला में यह देखें कि बच्चों को विज्ञान में रूचि विकसित करने उनसे चर्चा कर उनके द्वारा इग्नाईट अवार्ड के लिए नामांकन भेजा गया है या नहीं / बच्चों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए विशेष कक्षाएं लेकर सहयोग देने के सबूत शाला में उपलब्ध हैं और विगत वर्षों में बच्चों द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा या अन्य परीक्षाओं में भाग लिया है । शिक्षकों व्दारा दटीचरएप्प, न्यूपा द्वारा लीडरशिप कार्यक्रम या अन्य कोई लीडरशिप कार्यक्रम में पंजीयन कर उन्हें पूरा किया है |इस हेतु मोबाइल से इन कार्यक्रमों में पंजीयन एवं पूरा करने के सबूत दिखाएं )

**उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए** (प्रथम दो प्राथमिक जैसे ही)

3. बच्चों में भाषाई कौशलों के विकास हेतु उच्च प्राथमिक स्तर पर मासिक वाल मैगजीन या भित्ति पत्रिका / विभिन्न पाठों का रोल प्ले करने हेतु बच्चों की कुशल टीम / अपने क्षेत्र के बारे में वर्णन करता हुआ हस्तलिखित कलात्मक पठन सामग्री बच्चों के समूह द्वारा मिलकर एवं मुस्कान पुस्तकालय का नियमित उपयोगबच्चों द्वारा किया जा रहा है।

(उच्च प्राथमिक शाला में बच्चों द्वारा गत तीन माह के वाल मैगजीन, कम से कम पाँच पाठ के रोल प्ले करने हेतु कुशल टीम, अपने आसपास के बारे में विवरण देता हुआ कलात्मक हस्तलिखित पुस्तिका और मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों द्वारा नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के सबूत होने पर ही इस बिंदु पर हाँ करें । इन चारों बिन्दुओं पर कार्य किए जाने के ठोस सबूत देख लेवें और संतुष्ट होने पर ही "हाँ" लिखें। किसी भी एक बिंदु के नहीं पाए जाने पर इस बिंदु पर "हाँ" नहीं देवें )

4. बच्चों द्वारा स्वयं उच्च प्राथमिक स्तर पर गणित की समझ विकसित करने हेतु विभिन्न सहायक सामग्री का उपयोग/ बच्चों द्वारा विज्ञान के कम से कम दस प्रयोगों को प्रदर्शन कर अवधारणाओं को समझाने की क्षमता है और बाल केबिनेट के माध्यम से शाला में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करते रहते हैं।

(उच्च प्राथमिक शाला में गणित की अवधारणाओं को सहायक सामग्री से समझाना , बच्चों द्वारा अलग अलग कम से कम दस प्रयोग आपके समक्ष प्रस्तुत कर समझाने की क्षमता एवं सक्रिय बाल केबिनेट के दिखाई देने पर एवं इनसे संबंधित पर्याप्त सबूत होने पर ही इस बिंदु पर हाँ करें । तीनों बिन्दुओं पर कार्य किए जाने के ठोस सबूत देख लेवें और संतुष्ट होने पर ही "हाँ" लिखें|किसी भी एक बिंदु के नहीं पाए जाने पर इस बिंदु पर "हाँ" नहीं देवें )

5. उच्च प्राथमिक स्तर पर इग्नाईट/ इन्स्पायर/ राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना में सहभागिता दिलाई जाती हैं वहीं शिक्षक भी अपने आपको अपडेट रखने हेतु विभिन्न आनलाइन कोर्सेस में पंजीयन कर उन्हें पूरा करते हैं।

(शाला में यह देखें कि बच्चों को विज्ञान में रूचि विकसित करने उनसे चर्चा कर उनके द्वारा इग्नाईट/ इंस्पायर अवार्ड के लिए नामांकन भेजा गया है या नहीं / बच्चों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में प्रवेश के लिए विशेष

कक्षाएं लेकर सहयोग देने के सबूत शाला में उपलब्ध हैं और विगत वर्षों में बच्चों द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में भाग लिया है | शिक्षकों ब्दारा दटीचरएप्प, न्यूपा द्वारा लीडरशिप कार्यक्रम या अन्य कोई लीडरशिप कार्यक्रम में पंजीयन कर उन्हें पूरा किया है |इस हेतु मोबाइल से इन कार्यक्रमों में पंजीयन एवं पूरा करने के सबूत दिखाएं )

## एजेंडा दो: प्रथम अकादमिक निरीक्षण के दौरान आकलन हेतु लर्निंग आउटकम-प्राथमिक

### कक्षा पहली

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | प्रिंट में मौजूद अक्षर , शब्द, वाक्य की इकाइयों को पहचानते हैं \| | श्यामपट पर "मैं रामपुर में रहता हूँ \|" में बच्चों से बारी-बारी से मैं/ रामपुर/ में/ रहता/ हूँ / र /म/ह आदि कहाँ लिखा हैं उँगली रखकर बताने को कहें \| |
| 2 | पुस्तकालय से अपने पसंद की किताबों को स्वयं चुनते हैं और पढने की कोशिश करते हैं \| | बच्चों को पुस्तकालय से अपनी पसंद की पुस्तक लाकर पढ़ने का प्रयास करने को कहें और देखें कि उन्हें पुस्ताकालय से पुस्तकें लेने और पढने की कोशिश करने का अभ्यास है अथवा नहीं \| |
| 3 | हिन्दी के वर्णमाला के अक्षरों की आकृति और ध्वनि को पहचानते हैं \| | कक्षा में अब तक पढाए है पाँच छह अक्षरों/ शब्दों / विद्यार्थियों के स्वयं के नाम को श्यामपट में लिखकर उसे पढने को कहें \| |
| 4 | Recognizes letters and their sounds A to Z | श्यामपट में अब तक पढाए गए कुछ letters लिखकर उन्हें पहचानने को कहें शब्द और चित्र लिखकर मिलाने को कहें जैसे A, C, E, D, G….. |
| 5 | Recites Poems/ rhymes with actions | अपनी पसंद की कोई अंग्रेजी कविता समूह में हाव-भाव से बोलने को कहें \| |
| 6 | एक से बीस तक की संख्याओं पर कार्य करते हैं \| | पेपर में एक से बीस तक की संख्या लिखकर उसे बारी-बारी से आकर पढ़ने को कहें \| |
| 7 | कक्षा के भीतर एवं बाहर पाए जाने के आधार पर समूहों में वर्गीकृत करते हैं \| | इनमें से कौन सी वस्तु कक्षा के भीतर और कौन कक्षा के बाहर होती है बताने को कहें:<br>श्यामपट/ चाक / टेबल/ पेड़/ पेन / घंटी/ घडा/ सड़क … |
| 8 | एक से नौ तक की संख्याओं का उपयोग करते हुए दिन प्रतिदिन में उपयोग में होने वाले जोड़ तथा घटाव के प्रश्न हल करते हैं \| | नौ तक की संख्या का उपयोग कर जोड़ने घटाने के कुछ सवाल श्यामपट पर देकर परीक्षण करें \| |
| 9 | छोटी लंबाईयों का अनुमान लगाकर अमानक इकाइयों जैसे उंगली , बित्ता, भुजा, कदम आदि की सहायता से नापते हैं \| | कक्षा में उपलब्ध विभिन्न सामग्री जैसे टेबल , पुस्तक , दीवार, खिड़की को विभिन्न अमानक इकाइयों से नपवाकर देखें कि बच्चे सही तरीके से नाप पा रहे हैं अथवा नहीं \| |
| 10 | मूर्त वस्तुओं या मोडल के साथ कार्य करते हुए उन्हें वर्गीकृत कर सकते हैं \| | गणित किट का उपयोग कर उसमें उपलब्ध विभिन्न सामग्री का उपयोग कर उनकी समझ देखें \| |

# कक्षा दूसरी

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | विविध उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अपनी भाषा/ स्कूल की भाषा में बातचीत करते हैं। | अपने परिवार के बारे में चार लाइन में बताओ। |
| 2 | कही जा रही बात को ध्यान से सुनकर अपनी भाषा में बताते. सुनाते हैं। | आपके जीवन के किसी सीख के बारे में बताकर उन्हें उसे अपने भाषा में बताने का अवसर देवें । |
| 3 | अपन स्तर और पसंद के अनुसार कहानी, कविता , चित्र , पोस्टर आदि को आनन्द के साथ पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया/ प्रश्न पूछते हैं | पुस्तकालय से अपने पसंद की कोई पुस्तक निकालकर उसे पढने एवं उस पर प्रतिक्रिया एवं प्रश्न पूछने का अवसर देवें। |
| 4 | Listens to instructions and follows them | अंग्रेजी में कुछ सरल निर्देश देते हुए उसे सुनकर उनका पालन करने को कहें और यह जानने का प्रयास करें कि उन्हें निर्देश समझ में आ रहे हैं या नहीं। <br> Come here/ stand up/ sit down/ open your book/ read the para/ start writing …. |
| 5 | Sings songs or rhymes with actions | अंग्रेजी में कोई कविता हाव-भाव के साथ सुनाएं। |
| 6 | 99 तक की संख्याओं को पढ़ते तथा लिखते हैं। | बोर्ड पर एक से निन्यानब्बे लिखकर किसी भी संख्या को पढने/ किसी संख्या को बोलकर लिखने को कहे। |
| 7 | दो अंकों की संख्याओं के जोड़ पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करते हैं। | रमा को गेहूं लेना है। एक किलो गेहूं तीस रूपए का है और उसके पास बीस रूपए हैं । उसे और कितने रूपए जोड़ने होंगे ? ऐसे और प्रश्न बनाकर पूछें। |
| 8 | दो अंकों की संख्याओं के घटाव पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करते हैं। (एक से बीस तक) | रंजू के मां ने उसे स्कूल जाते समय 20 रूपए दिए । उसने दस रूपए की कापी खरीदी तो अब उसके पास कितने रूपए बचे ? ऐसे और प्रश्न बनाकर पूछें। |
| 9 | संख्याओं की तुलना करते हैं। | बढ़ते या घटते क्रम में लिखें <br> 30, 45, 54,32,29,91 |
| 10 | मूलभूत 3 D त्रिविमीय जैसे घनाभ , बेलन, शंकु , गोला आदि को उसके नाम से जानते हैं । | गणित किट से ऐसे आकृतियों को दिखाकर उनके नाम बताने को कहें। |

# कक्षा तीसरी

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | कविता, कहानी को उपयुक्त उतार-चढ़ाव, गति, प्रवाह और सही पुट के साथ सुनाते हैं \| | बच्चों को बारी-बारी मुस्कान पुस्तकालय की पुस्तक से कोई कविता, कहानी सुनाने का अवसर देवें \| |
| 2 | कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी बात/ कहानी जोड़ते हैं \| | जब बच्चे कोई कहानी या कविता पढ़ें तो अन्य बच्चों को उन्हें सुनकर उसके बारे में दो लाइन बोलने को कहें \| |
| 3 | अख़बार को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं \| | बच्चों को अख़बार के विभिन्न छोटे छोटे समाचार पढने का अवसर देकर प्रश्न पूछने को कहें \| |
| 4 | Recites poems in groups with correct pronunciation and intonation | समूह में अंग्रेजी की कोई कविता गाने का अवसर देवें और देखें की सभी सही उच्चारण के साथ गा पा रहे हैं अथवा नहीं \| |
| 5 | Reads aloud with appropriate pronunciation and pause | कोई एक दो लाइन या शब्द अंग्रेजी में पढने का अवसर बारी बारी से देवें \| |
| 6 | Writes dictation of words | अबतक पढाए पाठ से कुछ शब्द बोलकर उन्हें लिखने को कहें और देखें कि सही लिखा अथवा नहीं \| |
| 7 | स्थानीय मान की मदद से 999 तक की संख्याओं को पढ़ते तथा लिखते हैं \| | गणित किट या श्यामपट का उपयोग कर 999 तक की संख्याओं को पढने एवं लिखने का मौका देवें \| |
| 8 | 2,3,4,5 तथा 10 के गुणन तथ्य बनाते हैं और दैनिक जीवन की परिस्थितियों में उनका उपयोग करते हैं \| | दो से दस तक का पहाडा बच्चों को बताने को कहे \| |
| 9 | घड़ी का उपयोग करते हुए घंटे तक का समय पढ़ सकते हैं \| | गणित किट से घड़ी का मोडल दिखाकर अलग अलग समय में काँटा रखते हुए समय बताएं \| |
| 10 | परिवार के सदस्यों के साथ अपने तथा आपस के संबंधो को समझते हैं \| | बच्चों से उनके विभिन्न संबंधियों के बारे में जानकारी लेवें एवं उनके साथ रिश्ते का नाम पूछें \| |

# कक्षा चौथी

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को अपनी तरह से अपनी भाषा में कहते हुए उसमें अपनी कहानी/ बात जोड़ते हैं। | मुस्कान पुस्तकालय की किसी पुस्तक में दी गयी कविता, कहानी को पढ़कर उसमें अपनी बात जोड़कर कहने को कहें। |
| 2 | समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक के बिन्दुओं को समझते हैं और उन पर चर्चा करते हैं। | पिछले दिनों के समाचार पत्रों के शीर्षक को पढ़कर उन पर चर्चा करवाएं। |
| 3 | पढने के प्रति उत्सुक रहते हैं पुस्तकालय से अपनी पसंद की पुस्तकें स्वयं चुनकर पढ़ते हैं। | मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों को जारी पुस्तकों को देखें और उनसे उनके द्वारा पढी हुई पुस्तकों के बारे में कुछ अच्छी बातें बताने को कहें । किसी पुस्तक को पढ़कर उसमें दी गयी बात समझ में आई अथवा नहीं यह जानने का प्रयास करें। |
| 4 | Recites poems individually with correct pronunciation and intonation | अंग्रेजी की पुस्तक से कोई कविता पढ़कर सुनाने को कहें और देखें की सही उच्चारण एवं लय के साथ गा पा रहे हैं अथवा नहीं। |
| 5 | Writes dictation of short paragraphs (4 to 5 sentences) | अपने पुस्तक के किसी पढाए गए पाठ से कुछ वाक्य बोलकर उन्हें लिखने को कहें। |
| 6 | Uses dictionary to find out spelling and meaning | डिक्शनरी से कोई शब्द ढूँढने का काम देकर देखें कि वे आसानी से समय पर शब्द ढूंढ पा रहे हैं या नहीं। |
| 7 | वृत्त के केंद्र , व्यास एवं त्रिज्या को पहचानते हैं। | गणित किट का उपयोग कर उसमें उपलब्ध वृत्त को दिखाकर उसके विभिन्न भागों को पूछें। |
| 8 | मीटर को सेंटीमीटर एवं सेंटीमीटर की मीटर में बदलते हैं। | मीटर को सेंटीमीटर एवं सेंटीमीटर की मीटर में बदलने हेतु कुछ सवाल पूछें। |
| 9 | घड़ी के समय को घंटे तथा मिनट में पढ़ सकते हैं तथा उन्हें am एवं pm के रूप में व्यक्त करते हैं। | गणित किट के घड़ी में अलग अलग समय दिखाकर उन्हें बताने के साथ साथ सुबह शाम के आधार पर am एवं pm के साथ लगाकर बताने को कहें। |
| 10 | स्थानीय स्रोतों से लेकर जल का घरों व् पास पड़ोस तक पहुँचना एवं उसका शुद्धिकरण होना। | अपने घर में पीने का पानी कैसे पहुंचता है और उसे शुद्ध करने के लिए क्या क्या किया जाता है , बारी- बारी से समझाने को कहें। |

# कक्षा पांचवीं

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | अपनी पाठ्यपुस्तक से इतर सामग्री (बाल साहित्य/समाचार पत्र/बाल पत्रिका/होर्डिंग्स) को समझकर पढ़ते हैं \| | मुस्कान पुस्तकालय से किसी पुस्तक को पढ़कर उसका अर्थ समझाने का अवसर देवें \| |
| 2 | अपने आसपास होने वाली घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर मौखिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं \| | अपने कक्षा की समय सारिणी देखकर उस पर बच्चों से चर्चा करवाएं \| उनके अनुसार खेलने के लिए पीरियड कब होना चाहिए ? |
| 3 | भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी मौखिक भाषा गढ़ते हैं \| | अपने आसपास के पर्यटन स्थलों/ कार्यालयों के बारे/ खेती आदि के बारे में कुछ वाक्य बोलने को कहें \| |
| 4 | Recites poems individually with correct pronunciation and intonation | कक्षा चार की पुस्तक के किसी कविता को अकेले पढ़कर सुनाने का मौका दें और देखें कि बच्चे सही उच्चारण एवं लय-ताल के साथ उसे गा पा रहे हैं या नहीं \| |
| 5 | Writes mini biography or mini auto-biography | अपने बारे में पाँच छः वाक्य में अंग्रेजी में कुछ लिखने का अवसर देवें \| |
| 6 | Uses dictionary for reference | डिक्शनरी से कोई शब्द ढूँढने का काम देकर देखें कि वे आसानी से समय पर शब्द ढूंढ पा रहे हैं या नहीं \| |
| 7 | 1000 से बड़ी संख्याओं को पढ़ तथा लिख लेते हैं \| | श्यामपट में कुछ बड़ी संख्याओं को लिखकर बच्चों को पढने का अवसर देवें \| |
| 8 | भाग करते हुए उत्तर की पुष्टि के लिए विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करते हैं \| | बड़ी संख्याओं में कुछ भाग के सवाल देकर बच्चे कैसे उत्तर की पुष्टि कर सकते हैं देखें |
| 9 | घड़ी के समय को घंटे तथा मिनट में पढ़ सकते हैं और उन्हें am एवं pm के रूप में व्यक्त कर सकते हैं \| | गणित किट से घड़ी निकालकर समय बदल बदल कर पूछें \| |
| 10 | खेत में उत्पन्न वस्तुओं का रसोई घर | अपने घर में रोटी/चावल/सब्जी/दाल बनने से पूर्व की प्रक्रिया खेत से प्रारंभ करते हुए अपने साथियों |
| | में पहुँचने की प्रक्रिया समझते हैं \| | को बताएं \| |

## एजेंडा तीन: प्रथम अकादमिक निरीक्षण के दौरान आकलन हेतु लर्निंग आउटकम-उच्च प्राथमिक

### कक्षा छठवीं

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | अपने परिवेश में मौजूद किसी लोककथा या लोकगीत के बारे में चर्चा करते हैं। | कक्षा में दो-दो की जोड़ी बनाकर एक दूसरे को कोई लोक कथा सुनाकर उसमें चर्चा करवाएं और देखें कि बच्चे कैसे एक दूसरे को कहानी सुना पा रहे हैं ? |
| 2 | अपने से भिन्न भाषा , खान-पान, रहन-सहन संबंधी विविधताओं पर बातचीत करते हैं। | गुजरात के बारे में बच्चों से जानकारी लेवें । चर्चा पत्र में गत वर्ष लगातार गुजरात की जानकारी आपको उपलब्ध करवाई गयी है। |
| 3 | Recites & shares poems, songs, jokes, riddles, tongue twisters etc. | बारी बारी से प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा में सामने आकर अपनी पसंद की कोई कविता, गीत, चुटकुला, पहेली या टंग-ट्वीस्टर्स सुनाने को कहें। |
| 4 | Refers to dictionaries to check meaning and spelling | कक्षा में सभी विद्यार्थियों को बारी बारे से आकर डिक्शनरी से कोई शब्द ढूंढकर उसका अर्थ एवं स्पेलिंग पूछें। |
| 5 | विशेष स्थिति में महत्तम समापवर्तक या लघुत्तम समापवर्तक का उपयोग करते हैं। | महत्तम समापवर्तक या लघुत्तम समापवर्तक से संबंधित कुछ सवाल पूछें। |
| 6 | अलग-अलग स्थितियों में अनुपात का प्रयोग कर विभिन्न राशियों की तुलना करते हैं। | अनुपात ज्ञात करने कुछ सवाल देवें। |
| 7 | पदार्थों और जीवों में गुणों , संरचना एवं कार्यों के आधार पर भेद करते हैं जैसे रेशे और धागे में , मूसला और रेशेदार जड़ों में , विद्युत् चालक और विद्युत रोधक। | रेशे और धागे में , मूसला और रेशेदार जड़ों में , विद्युत् चालक और विद्युत रोधकमें अंतर लिखने को कहें। |
| 8 | जीवों और प्रक्रियाओं का नामांकित चित्र/ फ्लो चार्ट बनाते हैं | नामांकित चित्र बनवाएं – पुष्प के भाग/ सन्धियाँ, निस्यन्दन, जल-चक्र ...। |
| 9 | दिन और रात तथा ऋतुओं की समझ प्रदर्शित करते हैं। | दिन और रात कैसे होने हैं ? दिन को उजाला और रात को अन्धेरा क्यों होता है ? मौसम कैसे बदलते हैं ? कब हमें गर्मी और कब ठंड पड़ती है ? |
| 10 | अपने आस-पड़ोस का मानचित्र बनाते हैं और उस पर मापक , दिशाएं तथा अन्य चिह्न आदि दिखाते हैं। | अपनी शाला के आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल करते हुए मानचित्र बनाने का कार्य देवें और उसमें विभिन्न चिह्न, दिशाओं आदि का उल्लेख करने को कहें। |

# कक्षा सातवीं

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | विविध प्रकार की रचनाओं को पढ़कर समूह में चर्चा करते हैं। | बच्चों को अलग-अलग छोटे छोटे समूह में बिठाकर उन्हें पढने के लिए कुछ सामग्री देकर उसपर समूह में चर्चा करवाएं और उनके विचारों को सुने। |
| 2 | किसी चित्र या दृश्य को देखने के अनुभव को अपने ढंग से मौखिक भाषा में व्यक्त करते हैं | अपनी कक्षा में उपलब्ध किसी पोस्टर या किसी विज्ञापन को दिखाकर उसके बारे में पाँच वाक्य अपने मन से बोलने का अवसर देवें। |
| 3 | **Answers questions orally and in writing on a variety of texts** | अब तक पढाए किसी पाठ में से कुछ प्रश्नों के मौखिक एवं लिखित उत्तर देने का अवसर सभी को देवें । |
| 4 | **Reads to seek information in print** | बच्चों को अंग्रेजी में कुछ प्रश्न देते हुए पठन सामग्री के ढेर में से उन प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय के भीतर ढूंढकर बताने का खेल खेलें। |
| 5 | भिन्नों के भाग तथा गुणा की व्याख्या करते हैं। | भिन्न को भाग एवं गुणा करने संबंधी सवाल बच्चों से करवाकर देखें। |
| 6 | दो पूर्णांकों का गुणन/ भाग करते हैं। | भागफल तथा शेषफल ज्ञात कीजिए तथा विभाज्यता के संबंध में सत्यता की जांच करने कुछ प्रश्न देवें। |
| 7 | दांतों के प्रकार को आकृति , बनावट, कार्य आदि के आधार पर पहचान करते हैं। | बच्चों से उनके दांतों के बारे में कुछ प्रश्न पूछें और उनके विभिन्न प्रकार एवं कार्यों की जानकारी लेते हुए चित्र बनाने को कहें। |
| 8 | प्रक्रियाओं और परिघटनाओं को कारणों से संबंधित करते हैं। | जमीन में जल-स्तर के कम होने के कारणों को समझाएं और यह बताएं कि मनुष्य की कौन-कौन सी गतिविधियाँ जल स्तर को कम करने के लिए जिम्मेदार होती हैं। जल स्तर बढाने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? |
| 9 | विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप , बाढ़ , सूखा आदि के दौरान किए जाने वाले बचाव कार्य को विस्तार से बताते हैं। | बच्चों से अलग-अलग प्रकार की आपदाओं के बारे में जानकारी एवं उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देने को कहें। |
| 10 | पृथ्वी की प्रमुख आंतरिक परतों ,शैलों के प्रकार तथा वायुमंडलों की परतों को पहचानते हैं । | चित्र बनाकर पृथ्वी की प्रमुख आंतरिक परतों ,शैलों के प्रकार तथा वायुमंडलों की परतों को प्रदर्शित करें। |

# कक्षा आठवीं

| प्रश्न | लर्निंग आउटकम | प्रश्न |
|---|---|---|
| 1 | विविध प्रकार की रचनाओं को पढ़कर समूह में चर्चा करते हैं। | पांच-पांच के समूह में एक कविता, पैराग्राफ, कहानी पढने को दें और सभी को उसे सुन कर अपनी बात रखने का अवसर देते हुए देखे कि कौन-कौन सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। |
| 2 | अपने पाठक और लिखने के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बात को प्रभावी तरीके से लिखते हैं। | अपने जीवन के बारे में और भविष्य की योजनाओं के बारे में दस वाक्य लिखें । |
| 3 | **Refers dictionaryto find meaning/ spelling of words while reading & writing** | कक्षा में प्रत्येक बच्चे को अलग अलग शब्द देकर उसे डिक्शनरी में तत्काल ढूंढकर उसका अर्थ पढ़कर सुनाने को कहें। |
| 4 | **Speaks short prepared speech in morning assembly** | सभी बच्चों को बारी-बारी से किसी एक मुद्दे पर अंग्रेजी में भाषण देने का अवसर देवें। |
| 5 | संख्याओं का वर्ग और वर्गमूल विभिन्न तरीकों से निकाल सकते हैं। | कुछ संख्याए देते हुए उनका वर्ग और वर्गमूल निकालें। |
| 6 | 3-D आकृतियों को समतल जैसे कागज़ आदि पर प्रदर्शित करते हैं। | विभिन्न 3 D सामग्री जैसे डस्टर, पेन, बोतल आदि का चित्र 2 D के रूप में कागज़ पर बनवाएं। |
| 7 | धातुओं/अधातुओं, खरीफ/रबी , लैंगिक/अलैंगिक, समाप्त होने वाले/अक्षय प्राकृतिक संसाधनों को वर्गीकृत कर पाते हैं। | धातुओं/अधातुओं, खरीफ/रबी, लैंगिक/अलैंगिक, समाप्त होने वाले/अक्षय प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित प्रश्न पूछें। |
| 8 | प्रक्रियाओं और परिघटनाओं को कारणों से संबंधित करते हैं। | हवा में प्रदूषकों की उपस्थिति , धूम-कोहरों का बनना , अम्ल वर्षा के कारण स्मारकों का क्षरण आदि की प्रक्रिया समझाएं । |
| 9 | अपने क्षेत्र की प्रमुख फसलों , कृषि के | बच्चों को उनके आसपास उगाए जाने वाले प्रमुख फसलों , |
| | प्रकारों तथा कृषि पद्धतियों का वर्णन करते हैं। | कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी देवें। |
| 10 | प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल , मृदा , वन आदि के विवेकपूर्ण उपयोग को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हैं। | बच्चों को बारी-बारी से आकर किसी एक प्राकृतिक संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को तर्क देकर प्रस्तुत करता है। |

## एजेंडा चार: आकलन की रिकार्डिंग हेतु निर्धारित प्रपत्र

प्रत्येक कक्षा में बच्चों का आकलन कर इन प्रपत्र में जानकारी तैयार रखनी होगी | यह कार्य हमें अपनी शाला में जनप्रतिनिधि या मानिटरिंग अधिकारी के आने से पूर्व करनी होगी | बच्चों के आकलन के समय समुदाय के सदस्य अवश्य उपस्थित रहें और उनके , प्रधानाध्यापक एवं संबंधित शिक्षक के हस्ताक्षर उसमें लिए जाएं | इस प्रपत्र की जानकारी को कुछ ऐसे बच्चों से जिन्हें विभिन्न लर्निंग आउटकम हासिल होना दर्शाया गया है , से कुछ और प्रश्न पूछकर वेरीफाई करें कि सही जानकारी भरी गयी है |

प्रत्येक बच्चे के नाम के सम्मुख कुल दस लर्निंग आउटकम में से उन लर्निंग आउटकम में क्रोस का चिह्न लगाना होगा जो उन्हें आकलन के दौरान नहीं आता | इस प्रपत्र को देखकर कुछ बच्चों को उन्हें आने वाले लर्निंग आउटकम के आधार पर कुछ प्रश्न पूछकर इस बात की पुष्टि कर लेवें कि कक्षा में बच्चों का आकलन सही तरीके से किया गया है | यदि लर्निंग आउटकम हासिल है ऐसा बताने वाले बच्चों को उनसे पूछे जाने पर यह पता चले कि उन बच्चों को लर्निंग आउटकम हासिल नहीं है और ऐसा कुछ और प्रकरणों में पता चलता है तो आप उस कक्षा को आकलन ठीक न करने की वजह से शून्य अंक देना होगा ताकि भविष्य में सही तरीके से आकलन करने पर ही शिक्षकों को अंक दिए जा सके | प्रत्येक कक्षा में आपको इस प्रकार से प्रपत्र भरना होगा:

| | Class VI | Students enrolled | | | | 8 | | Students assessed | | | | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| # | Name of student | LO1 | LO2 | LO3 | LO4 | LO5 | LO6 | LO7 | LO8 | LO9 | LO10 | Total |
| 1 | Sanjay | X | | | X | | X | | | | | 7 |
| 2 | | | X | X | | | | X | X | X | | 5 |
| 3 | | X | | | | X | X | | | | X | 6 |
| 4 | | | X | X | X | | | X | | X | X | 4 |
| 5 | | X | | | | | | | | | | 9 |
| 6 | | | | | X | X | | | | | | 8 |
| | Total Students | **6** | | | | | | Total marks | | | | **39** |

हस्ताक्षर शिक्षक प्रधानपाठक शाला प्रबन्धन समिति/ समुदाय के सदस्य

Verified by

(Public Representative/ monitoring official)

इस भरे हुए प्रपत्र को कुछ बच्चों से उपरोक्तानुसार आकलन कर वेरीफाई करते हुए अपने हस्ताक्षर कर देवें |

अब कुल अंक 39 को कुल विद्यार्थी छह के कुल साठ अंक से भाग देकर उसका प्रतिशत निकालने पर हल इस प्रकार से आएगा:

39

39 /60 x 100=65%

अब चूंकि भाग दो में कुल अंक सौ हैं, हमें सौ में से पैंसठ को पचास में से 32.5 करना होगा | अर्थात कुल प्राप्त प्रतिशत को आधा कर पचास में से प्राप्तांक लिखना होगा |

प्रत्येक कक्षा के लिए उपरोक्तानुसार बच्चों का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर प्रधानाध्यापक द्वारा एकजाई रिपोर्ट तैयार कर पहले से रखनी होगी |अब प्रत्येक कक्षा अर्थात कक्षा एक से पाँच या छह से आठ तक से इस प्रकार प्राप्त जानकारी को निरीक्षणकर्ता के मोबाइल में इस प्रकार से प्रविष्टि करें:

| कक्षा | कुल दर्ज बच्चे | आकलन किए गए कुछ बच्चे | कुल प्रतिशत | कुल अंक (प्रतिशत का आधा ) |
|---|---|---|---|---|
| छठवीं | | | | |
| सातवीं | | | | |
| आठवीं | | | | |
| भाग दो में शाला को प्राप्त कुल अंक (सभी कक्षाओं का औसत ) | | | | |

प्रथम / दूसरे अकादमिक निरीक्षण में शाला को प्राप्त कुल अंक:

भाग एक में प्राप्त अंक - [ ] पचास के भीतर (10/20/30/40/50/0)

भाग दो में प्राप्त अंक - [ ] पचास के भीतर (0 से 50 के बीच दो दशमलव तक)

**प्रथम / दूसरे अकादमिक निरीक्षण में सौ में से शाला को प्राप्त कुल अंक** भाग एक + भाग दो = [ ]

## एजेंडा पाँच: अकादमिक निरीक्षण के लिए आवश्यक तैयारियां

- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर से संबंधित पाँच प्रश्नों के लिए उनसे संबंधित पर्याप्त सबूत दिखाए जाने हेतु तैयार रखें
- बच्चों को कक्षावार निर्धारित लर्निंग आउटकम से संबंधित विभिन्न प्रश्नों पर पर्याप्त अभ्यास करवाएं
- प्रत्येक कक्षा में बच्चों के प्रगति की ट्रेकिंग के लिए नियमित रूप से विद्यार्थी विकास सूचकांक का प्रदर्शन करें एवं उन्हें अद्यतन रखें
- अकादमिक निरीक्षण के पहले निर्धारित प्रारूप में प्रत्येक बच्चे की लर्निंग आउटकम के आधार पर स्थिति की जानकारी तैयार कर मोबाइल में प्रविष्टि के लिए उपलब्ध करावें
- आपकी शाला में अकादमिक निरीक्षण के लिए आने वाले मानिटरिंगकर्ता से उनके शाला अवलोकन की तिथि एवं समय की जानकारी लेकर उनके संपर्क में रहें ताकि निरीक्षण के दिन सभी स्टाफ एवं सभी बच्चे शाला में समय पर उपस्थित रहें | सभी की उपस्थिति अनिवार्य हैं
- निरीक्षणकर्ता को उनके मोबाइल पर शाला के निरीक्षण रिपोर्ट प्रविष्टि करने हतु सहयोग करें
- बच्चों से इंस्पायर/ इग्नाईट अवार्ड के लिए अधिक से अधिक नामांकन भरवाएं एवं उनसे ही कम से कम दस विज्ञान के प्रयोग प्रदर्शन के लिए तैयार रखें | इस हेतु हमारे वेबसाईट में कबाड़ से जुगाड़ के सौ वीडियो एवं हमारे फेसबुक mission LOC 2018 से भी आवश्यक आइडियाज मिल सकते हैं

## एजेंडा छ: प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी की जिम्मेदारियां

आपको गत माह के चर्चा पत्र में विकासखंड एवं जिले स्तर पर प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का विस्तार कर प्रत्येक ग्रुप में कम से कम 240 शिक्षकों को जोड़कर सक्रिय होकर कार्य करने का अनुरोध किया गया था ताकि राज्य स्तर पर बहुत अधिक ग्रुप होने की वजह से छोटे-छोटे ग्रुप से निकला जा सके |प्रत्येक ग्रुप के लिए नया नाम निर्धारित करते समय ये नियम अपनाएं -District block level PS/UPS/HS/Subject Durgbalod UPS Science

राज्य में शिक्षकों से चर्चा करने पर उन्हें लर्निंग आउटकम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समस्या आ रही है | उनके द्वारा जो प्रमुख समस्याएं बताई जा रही हैं, उनमें से कुछ इस प्रकार से हैं:

1. केवल पाठ्यपुस्तक को पूरी तरह से पढ़ा दें तो क्या हम उस कक्षा के लिए निर्धारित सभी लार्निंग आउटकम को समय पर प्राप्त कर सकेंगे ?
2. क्या बिना पाठ्यपुस्तक को ध्यान में रखे केवल लर्निंग आउटकम को उनके निर्धारित क्रम से पढ़ा देने से हम उस कक्षा के लिए निर्धारित लर्निंग आउटकम को समय पर अच्छे से प्राप्त कर सकेंगे ?
3. क्या हमारे पास प्रत्येक लर्निंग आउटकम को ध्यान में रखकर प्रिंट सामग्री , आनलाइन वीडियोज, हमारे द्वारा बनाए गए वीडियोज, सहायक शिक्षण सामग्री एवं उस लर्निंग आउटकम के आकलन के लिए रोचक तरीकों की जानकारी एक जगह मिल सकती है ?
4. क्या हम किसी कक्षा के लिए निर्धारित सभी लर्निंग आउटकम को माहवार बांटते हुए हम तय समय में पूरे लर्निंग आउटकम को सभी बच्चों में हासिल करवा सकते हैं ?
5. क्या लर्निंग आउटकम को बेहतर तरीकों से समझने के लिए कोई स्रोत संसाधन उपलब्ध है ?

उपरोक्त समस्याओं से निपटने के लिए हमें बाहर से किसी से समर्थन की उम्मीद न करते हुए हम सबको आपस में मिलकर एक साथ कुछ उपाय सोचते हुए तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है |क्या हम सब अपने अपने प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी में अपने अपने विषयों के लिए प्रति माह कुछ लर्निंग आउटकम को टार्गेट बनाते हुए उनपर बेहतर समझ बनाने के लिए सामग्री एकत्रित कर या स्वयं समूह में बनाकर एक दूसरे से साझा नहीं कर सकते ?

इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हमने एक फेसबुक पेज mission Learning Outcome 2018 या Mission LOC 2018बनाकर आपको सौंपा है | अब इसमें आपकी टीम को प्रति माह के लिए कुछ लर्निंग आउटकम माहवार निर्धारित कर उन पर विभिन्न प्रकार की सामग्री को पोस्ट करने के अवसर सभी को देना चाहिए | अभी बहुत अच्छे पोस्ट इसमें आना शुरू हो गए हैं | अभी हमने सामाजिक अंकेक्षण के लिए उपयोग में लाए लर्निंग आउटकम को फोकस किया है और अगले चरण में हम प्रथम अकादमिक निरीक्षण के लर्निंग आउटकम पर फोकस करेंगे |

**अधिक से अधिक लोग इस फेसबुक पेज में जुड़कर बेहतर सामग्री एक दूसरे से साझा करेंगे**

## एजेंडा सात: गत माह के प्रमुख कार्यों की स्थिति

आपके संकुल में गत माह के लिए निर्धारित विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति से हमें अवगत कराने हेतु सभी संकुल समन्वयकदटीचरएप्प के समीक्षा में जाकर यह अवगत करावेंकि उनके संकुल की सभी शालाओं में ये कार्य किया जा रहा है -

1. शालाओं में बाल केबिनेट का गठन कर पन्द्रह अगस्त तक शपथ ग्रहण
2. वर्षामापक यंत्र बनाकर बच्चों द्वारा मौसम का रिकार्ड रखकर विश्लेषण
3. इंस्पायर/ इग्नाईट अवार्ड के लिए प्रत्येक शाला से अधिक से अधिक नामांकन
4. दटीचरएप्प के माध्यम से विभिन्न कोर्सेस को पूरा करना एवं प्रतियोगिता में शामिल होना
5. प्रत्येक गाँव में बच्चों को मूलभूत दक्षताओं में सुधार हेतु अभ्यास कार्य एवं शिक्षा चौपाल
6. प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का विस्तार कर एक ग्रुप में कम से कम 240 शिक्षकों को जोड़ना
7. सामाजिक अंकेक्षण के पचास प्रश्नों के आधार पर फोलो-अप कार्य
8. Mission LOC 2018 नामक फेसबुक को लाइक कर उसमें सामग्री साझा करना
9. सामाजिक अंकेक्षण के दौरान बच्चों के आकलन के आधार पर विद्यार्थी विकास सूचकांक
10. माताओं को मिल रहे मोबाइल के उपयोग हेतु प्रशिक्षण

## एजेंडा आठ: शिक्षक दिवस की तैयारी

आप अपने संकुल या जिले में इसे इस वर्ष कैसे मनाएंगे, चर्चा कर निर्णय पर पहुंचें |

## एजेंडा नौ: बच्चों से विज्ञान के प्रयोगों को समझाने के कौशल को विकसित करना

इस उद्देश्य को प्राप्त करने संकुल में चर्चा कर तय करें कि बच्चों में यह कौशल कैसे लाएंगे ?

## एजेंडा दस: अकादमिक मानिटरिंग की मोबाइल से प्रविष्टि

- इस बार डॉ एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत **सभी शालाओं में**मॉनिटरिंग का कार्य किया जाएगा |
- फोकस शालाओं में जनप्रतिनिधियों एवं बाह्य विभागीय अधिकारियों के माध्यम से एवं नॉन फोकस शालाओं में विभागीय अधिकारियों द्वारा शाला में मॉनिटरिंग की जाएगी |
- राज्य में पहली बार मॉनिटरिंग सम्बन्धी जानकारी की प्रविष्टि मोबाइल के माध्यम से की जाएगी |
- मोबाइल में प्रविष्टि करने हेतु आपका मोबाइल न. एवं शाला के udise कोड की जानकारी आवश्यक होगी |
- फोकस शालाओं की मॉनिटरिंग करने वाले जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी अपनी जानकारी http://www.ssachhattisgarh.gov.in/focuslिंक के माध्यम से प्रविष्टि करेंगें |
- नॉन-फोकस शाला की मॉनिटरिंग की जानकारी http://www.ssachhattisgarh.gov.in/APJ/लिंक के माध्यम से प्रविष्टि करेंगें |
- कृपया शाला अवलोकन में जाने से पूर्व एक बार लिंक खोलकर जाँच कर लेवें |
- किसी भी प्रकार की समस्या आने पर श्री विजय रंजन पटेल मोबाइल न. 7747012821पर संपर्क किया जा सकता है |